## एक नजर में

### 119 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रदेश के 7227 हितग्राहियों को 160 करोड़ रूपये का हितलाभ वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया. जिसमें राजगढ़ जिले के 119 हितग्राहियों को 2.74 करोड़ रूपये का हितलाभ वितरण किया गया है. इस अवसर पर राजगढ़ कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया और जिले के समस्त निकाय, जनपद में भी कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया. जिसमे हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर राशी सीधे खाते में हस्तांतरित की गई. कार्यक्रम में जनपद पंचायत राजगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि फूल सिंह तंवर, श्रम पदाधिकारी सौरव कुमार गुप्ता, श्रम निरीक्षक मनोज कुमार चौहान एवं जनपद /नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

### कलेक्टर ने आवेदक को आर्थिक सहायता दी

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक इनाम बेग को रेडक्रॉस से दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक इनाम बेग ने बताया कि आवेदक मजदूरी करते समय एक दुर्घटना से रीढ़ की हडडी टूट गई है. आवेदक के परिवार के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. जिससे वह अपना ईलाज करवाने में आसमर्थ हैं.

### चार हितग्राहियों को दिए सहायता स्वीकृति पत्र

**ब्यावरा 16 दिसम्बर, का.** नगरीय क्षेत्रांतर्गत संबल योजना के तहत चार हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गये. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह के द्वारा नपा कार्यालय परिसर में मंगलवार को सबल योजना अंतर्गत 3 पात्र हितग्राहियों को मृत्यु अनुग्रह सहायता के तहत 2-2 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र एवं 1 हितग्राही को दुर्घटना मृत्यु अनुग्रह सहायता राशि 4 लाख रूपयें का स्वीकृति पत्र प्रदार किया गया. इस तरह 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया. जल्द ही हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लीक के माध्यम से राशि अंतरित कर दी जावेगी. इस दौरान पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे.

### कार्यशाला आयोजित

**पडाना 16 दिसम्बर, सं.** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला ब्यावरा द्वारा आयोजित संकुल प्रमुख चयनित विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुलावता में कार्यशाला आयोजित की गई. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय सचिव वीरेंद्र सिंह सेंगर प्रांत प्रमुख,चंद्र हंस पाठक,सहप्रांत प्रमुख रामदयाल लहरपुरे, प्रबंधक माता देवीरी गोपाल शर्मा भोपाल, जिला अध्यक्ष मोकम सिंह शक्तावत,जिला सचिव नारायण सिंह पवार,जिला समिति सदस्य दुर्गेश चंद्रवंशी, जिला प्रमुख अखिलेश दुबे, जिला प्रमुख हरदा हरिशंकर सैनी,इत्यादि के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित की गई .इस दौरान कार्यशाला में विद्या भारती के चार आयाम, शिशु वाटिका के 12 आयाम, विद्यालय के सप्त मंडल को सक्रिय करना, और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आचार्य, प्रधानाचार्य को प्रशिक्षित करने पर चर्चा हुई. इस अवसर पर मनीष तिवारी, वीरेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश चंद्रवंशी, श्रीराम देथलिया सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहे.

# स्कूल बसों पर सवा लाख का चालान काटा

## स्कूल बसों की सघन चेकिंग, एक बस जप्त, 1 लाख 33 हजार की चालानी कार्रवाई की

**बिना परमिट, बीमा व प्रदूषण प्रमाण-पत्र वाले वाहनों पर परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की कार्रवाई**




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 दिसंबर, का. मंगलवार को जिले में स्कूल बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया. परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की. वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई. कई स्कूल बसों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 1 लाख 33 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की. एक बस का परमिट नहीं होने पर बस को जप्त कर लिया गया.**

परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया गया. अभियान का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन कराना है. जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी श्रीमती अनामिका कोली एवं देवराज पाण्डेय, जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ राजदेव शर्मा, प्रेमनारायण कुरैचया के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की.

### स्कूल परिसरों में पहुंचकर वाहनों की जांच

कार्रवाई के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई. कई स्कूल बसों में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 1 लाख 33 हजार की चालानी कार्रवाई की गई. मंगलवार को बोड़ा एवं पचोर क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में पहुंचकर विशेष जांच की गई. इस दौरान एक स्कूल बस का परमिट समाप्त होना पाये जाने पर बस को जप्त कर बोड़ा थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करवा दिया गया.

### जिले में कई वाहन अवैध रुप से दौड़ रहे

परिवहन विभाग के अनुसार वाहन पोर्टल के अवलोकन में यह बात सामने आई है कि जिले में अनेक ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसे बिना बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र के दौड़ रही है. इस संबंध में परिवहन आयुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध आवश्यकता अनुसार चालानी एवं जप्ती कार्रवाई की जाये.

### बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं



अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा. स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से आग्रह किया है कि वह सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का पालन करे. ऐसा नहीं करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

**सड़को पर दौड़ते हैं ओवर लोड सवारी वाहन**

प्रायः देखने में आता है कि नगर सहित जिले भर में यात्री वाहनों में क्षमता से कहीं अधिक सवारियों को ले जाया जाता है. यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों, ऑटो आदि में वाहन की क्षमता से काफी अधिक लोगों को बैठाकर ले जाया जाता है. कई स्कूल वाहन, ऑटो में क्षमता से काफी अधिक बच्चों को ले जाते हुए देखा जा सकता है. जिले के प्रमुख नगर, कस्बों में यह नजारे देखे जा सकते है.

# शादी समारोह में डीजे बजाने पर प्रतिबंध

## धाकड़ समाज ने की अनुकरणीय पहल



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/उदनखेड़ी 16 दिसम्बर, सं.** जिले में एक अनुकरणीय पहल करते हुए धाकड़ समाज द्वारा समाज के होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलनों एवं विवाह आयोजन में डीजे नहीं बजाने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय समाज की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया. ग्राम भंवास, उदनखेड़ी एवं भीलखेड़ा में विगत दिवस आयोजित समाज की बैठक में सर्वानुमति से यह निर्णय लिया गया कि सामुहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले वर-वधु पक्ष के द्वारा विवाह समारोह के दौरान डीज का उपयोग नहीं किया जाएगा. ऐसा फूहड़ता, डीजे की कानफोडू आवाज से होने वाले नुकसान, फिजूलखर्ची को रोकने हेतु किया जाना बताया जाता है. साथ ही विवाह आयोजन में परंपरागत रुप से बैंड बाजे, ढोल का उपयोग करने पर जोर दिया गया.

**डीजे बजाने पर सम्मेलन से होंगे प्रतिबंधित-** समाज की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस निर्णय के बाद भी यदि विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले किसी वर-वधु पक्ष के द्वारा डीजे का उपयोग किया जाता है तो संबंधित को विवाह सम्मेलन से प्रतिबंधित होने की कार्यवाई का सामना करना पड़ेगा.

**इन स्थानों पर होंगे विवाह सम्मेलन-** जानकारी के अनुसार आगामी दिवस में इन स्थानों पर समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन होंगे. 20 अप्रैल को भैंसाना के समीप ग्राम उदपुरिया में, 26 अप्रैल को भैंसवामाता धाम, 3 मई को ग्राम सुल्तानिया तथा 7 मई को ग्राम भीलखेड़ा जोड़ खुजनेर में विवाह सम्मेलन के आयोजन आदर्श धाकड़ समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वावधान में होंगे. समाज के वरिष्ठ सदस्य नंदलाल नागर के अनुसार समाज की बैठको में विवाह समारोह में डीजे नहीं बजाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है. इससे जहां फिजूलखर्ची रुकेगी वहीं फूहड़ता और डीजे की कानफोडू आवाज से राहत मिलेगी.



# योग, देशी खेलों से मनोरंजन और स्वास्थ्य का लाभ मिलता है

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 16 दिसम्बर, सं.** विधानसभा क्षेत्रीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन खिलचीपुर एवं जीरापुर में किया गया, जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा की खिलाड़ी बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. योग में प्रथम-नयना नागर रंजना दांगी, बैड मिंटन में प्रथम- बरखा सेन, रस्साकसी में प्रथम-सरिता दांगी की टीम, गिल्ली डंडा में प्रथम स्थान निशा दांगी तथा द्वितीय निशा सेन ने प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया. वहीं दौड़ प्रतियोगिता में राधा दांगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बालिकाओं की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना का परिणाम है. उन्होंने खेल प्रशिक्षक विनोद यादव एवं मार्गदर्शक शिक्षक ओम खटीक, ओम प्रकाश शर्मा, गोरीलाल सौन्धिया के प्रयासों की भी प्रशंसा की तथा बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

### सांसद खेल महोत्सव का समापन

**जीरापुर 16 दिसम्बर, सं.** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह संपन्न हुआ. जहां पर बैडमिंटन, रस्साकसी, योग एवं नींबू रेस जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन खिलाडियों ने अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेकर किया. मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सीईओ मुख्य आरएस रघुवंशी , विशिष्ट अतिथि तहसीलदार आरपी सिंह गोंड थे. अतिथियों ने खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं. खेलों से शारीरिक एवं मानसिक मजबूती के साथ अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है. विजेता खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया. संचालन अरविंद बंसल ने किया, जबकि आभार संकुल प्राचार्य विनोद चौधरी द्वारा माना. इस अवसर पर संगीता शर्मा, सीता सराफ, रवि गुर्जर, तोशिब मंसूरी, मोहित परिहार, निहाल भावसार, सोहेल खान, नितेश बरेठा उपस्थित रहे.

# लघु और मध्यम उद्योगों में स्पर्धा बढ़ाने कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सशक्तिकरण, गुणवत्ता सुधार तथा प्रति स्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार की रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना अंतर्गत राजगढ़ जिले के एमसीआर होटल कुरावर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.



कार्यशाला में जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए उद्यमियों ने सक्रिय सहभागिता की.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश चौधरी (अध्यक्ष) मदन गोपाल चौधरी (संरक्षक) एवं मयंक वाजपेई (महासचिव), पीलूखेड़ी उद्योग संघ रहे. विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती सीमा सोलंकी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रैम्प कंसलटेंट रवीश कुमार उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक रमेश साहनी द्वारा किया गया.

# वॉश आन व्हील कार्यक्रम में स्वच्छता किट वितरित

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर में मंगलवार को वॉश आन व्हील नवाचार कार्यक्रम के तहत विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी द्वारा स्वच्छता साथीयों को ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने हेतु स्वच्छता किट का वितरण किया गया. तथा कार्यक्रम में उनके द्वारा स्वच्छता साथी को अच्छे से कार्य करने एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई ग्राम में स्थित संस्थाओं जैसे पंचायत भवन, आंगनवाडी भवन, स्कूल शौचालयों की साफ-सफाई, स्वच्छता साथी से करवाये जाने की पहल की. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी सुनिल नैनावत, गोविंद सिंह सोलंकी, मुख्य कार्यपालन अधिकरी जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जनपद सदस्यगण, सरपंच, जनप्रतिनिधी जनपद के अधिकारी कर्मचारी तथा स्वच्छता साथी उपस्थित रहे.

# केवल शिक्षा ही भारत की बुनियादी जड़ों को मजबूत करेगी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के निर्देशानुसार राजगढ़ के सभी विद्यालयों में कॉलेज के प्राध्यापक जाकर कॉलेज संबंधित अकादमिक एवं शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रहे है. कॉलेज चलो अभियान के इसी क्रम में मंगलवार को अग्रणी महाविद्यालय की टीम राजगढ़ के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंची. जहां सरस्वती शिशु मंदिर के प्रभारी प्राचार्य दीपक ने उनका स्वागत किया. हॉयर सेकेंडरी के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस अभियान की संयोजक सुश्री आभा आनंद ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के कारण आए महाविद्यालय स्तरीय बदलाव से अवगत कराया. शिक्षा वह शेरनी का दूध है, इसे जो भी पियेगा वो दहाड़ेगा. स्कूली शिक्षा के बाद पठन-पठान पर विचार करते हुए डॉ. राहुल भैंसनिया ने विद्यार्थियों को कॉलेज में एडमिशन के लिए प्रोत्साहित किया. महाविद्यालय में विद्यार्थियों से संबंधित जनहितैषी योजनाओं के बारे में हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रो. मोहन पुरी ने जानकारी प्रदान की. प्रो. श्री पुरी ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को पठन-पाठन के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता योजनाएं प्रदान की जाती है.

### स्वेटर एवं मौजे पाकर खुश हुए विद्यार्थी

**पडाना 16 दिसम्बर, सं.** जन शिक्षा केंद्र पडाना के अंतर्गत आने वाला शा,मा,वि,इटावा स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों को स्वेटर और मोजे वितरित किए गए. इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि संतोष सिंह राजपूत, संस्था प्रभारी महेश कुमार भिलाला, जनशिक्षक लालूराम मालवीय इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे.

# विराट हिन्दू सम्मेलन 16 को, सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 दिसम्बर, का.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल एवं बस्ती स्तर पर विशाल हिंदू सम्मेलनों की व्यापक श्रृंखला आयोजित की जा रही है. रविवार को राजगढ़ नगर की विभिन्न बस्तियों में हिन्दू सभा का आयोजन किया गया. संघ के शताब्दी वर्ष को सामाजिक जागरण के अवसर के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सेवा, संस्कार और संगठन से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है. हिंदू सम्मेलन का मूल उद्देश्य सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना है. समाज में बढ़ती सामाजिक दूरी, पारिवारिक विघटन और सांस्कृतिक विस्मृति जैसे विषयों पर संवाद स्थापित करना इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य है. नगर के स्टेडियम प्रांगण में होने वाले गायत्री बस्ती के हिंदू सम्मेलन को लेकर रविवार को नगर के अंजनीलाल धाम मंदिर में हिंदू सम्मेलन को लेकर विभिन्न समितियों की हिन्दू सभा संपन्न हुई. जिसमें जिले के कार्यकर्ता मनीष वैष्णव एवं संदीप सोनी उपस्थित रहे. बस्ती का हिंदू सम्मेलन आगामी 16 जनवरी को स्टेडियम परिसर में होगा जिसमें उत्तम स्वामी महाराज का आशीर्वचन देंगे. इस अवसर पर आयोजन समिति का गठन किया गया और अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई. साथ ही 21 दिसंबर हो मंगलभवन में होने वाले मनकामनेश्वर बस्ती के हिंदू सम्मेलन के निमित्त बैठक के कार्ययोजना बनाई गई.

**नवाचार** मेड़तलवाल समाज के युवा चिकित्सकों ने दिखाया समाजसेवा में उत्साह, नि :शुल्क शिविर आयोजित

# एक दिन में 32 डॉक्टरों ने 1 हजार रोगियों का चेकअप किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 दिसम्बर, सं.** मेडतवाल समाज मिशन परिचय टीम के तत्वाधान में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर सोयत कलां में संपन्न हुआ. निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सप्त ऋषि व्यवसायिक परिसर में किया जिसमें सोयत सहित आसपास एवं मेडतवाल समाज के दुरस्त क्षेत्र से लगभग 1000 मरीजों ने शिविर में शामिल होकर अपनी अपनी विभिन्न बीमारियों से सम्बंधित जांच एवं परीक्षण कराया. मेडतवाल समाज के इंदौर कोटा झालावाड़ जीरापुर ब्यावरा सहित विभिन्न जगह कार्यरत डॉक्टर ने शिविर में उपस्थित होकर मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच कर ट्रीटमेंट दिया. शिविर में



इन डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देकर अनुकरणीय कार्य किया. जहां पर डॉक्टर रितेश गुप्ता इंदौर हृदय रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर निर्मल गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी , डॉ आर वी गुप्ता कोटा वरिष्ठ विशेषज्ञ निसंतान स्त्री रोग , डॉक्टर नयन गुप्ता इंदौर कैंसर रोग , डॉ अतुल गुप्ता इंदौर हड्डी रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर निलेश गुप्ता भवानी मंडी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रीता गुप्ता इंदौर शुगर एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ब्रजमोहन गुप्ता ब्यावरा , डॉ सुमित जी सिंधी खिलचीपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर विनीत गुप्ता कोटा, डॉक्टर सौम्या गुप्ता ग्वालियर, डॉक्टर प्रियदर्शनी सराफ खिलचीपुर ,डॉक्टर सलोनी गुप्ता जीरापुर जनरल फिजिशियन विशेषज्ञ , डॉक्टर आयुष गुप्ता सोयत कला , डॉ सचिन गुप्ता जीरापुर ,डॉक्टर तुषार गुप्ता खिलचीपुर ,डॉक्टर सागर गुप्ता राजगढ़, डॉ राधिकेश गुप्ता सुनेल फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ , डॉक्टर अविनाश गुप्ता सुठालिया ब्यावरा होम्योपैथिक एवं साइटिका विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ , डॉक्टर सौरभ गुप्ता जीरापुर , डॉक्टर निलेश गुप्ता रहे. सप्त ऋषि परिवार व मिशन परिचय टीम सम्मेलन के डॉक्टर आरवी गुप्ता, महेश घाटिया, राजेश गुप्ता, कैलाश चौधरी, विनोद गुप्ता, अरविन्द भावसार, जितेंद्र शर्मा एवं श्री फलोदी महाराज ट्रस्ट अध्यक्ष सेठ घनश्याम आचोलिया, प्रकाश गुप्ता पटेल , आर एस गुप्ता कोटा , दिनेश टांक रामगंजमंडी, प्रेम गुप्ता सेठ ब्यावरा, जगदीश भोजपुरी उज्जैन, पवन गुप्ता करोडिया ब्यावरा, मधुकर गुप्ता इंदौर , राजेंद्र आचोलिया , दिनेश जमींदार जीरापुर, ओम गुप्ता मातासरा भवानीमण्ड़ी , जगदीश गुप्ता लीमाचौहान, रामबाबू घाटियां खिलचीपुर, जगदीश गुप्ता पोलखेड़ा, मनोज गुप्ता, कामाक्षी गुप्ता, कुसुम जमींदार सहित समाज के अनेकों वरिष्ठ जनों ने समस्त डाक्टरों का सम्मान किया. इस अवसर पर उपस्थित सभी डाक्टरों का सप्त ऋषि टीम एवं श्री फलोदी माता ट्रस्ट द्वारा स्वागत कर सम्मानित किया गया. शिविर में समाज एवं अन्य समाज के मरीजों ने विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परीक्षण कराया.

# दो दिवसीय खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## परंपरागत खेलों में लिया भाग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 दिसम्बर, का. सांसद खेल महोत्सव के तहत संकुल एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभाएं दिखाई. महोत्सव में परंपरागत खेल कबड्डी, खो-खो, विभिन्न प्रकार की दौड़, नींबू रेस, रस्साकसी, बैंडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं पहले संकुल स्तर पर तथा यहां विजेता हुए प्रतिभागियों ने विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया.**

प्रतियोगिताएं शासकीय कॉलेज के खेल मैदान एवं प्रोग्रेसिव हाईट्स स्कूल के मैदान पर हुई. प्रतियोगिताएं 12 से 18 वर्ष, 19 से 25 वर्ष एवं 25 से अधिक आयु वर्ग के लिए आयोजित की गई. प्रतियोगिताएं बीईओ दिलीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हुई.

सांसद के पीए आदित्य शर्मा, मितेश व्यास विशेष रुप से उपस्थित रहे. प्रतियोगिताओं के संचालन में खेल शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा. विकासखंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी राजगढ़ में आयोजित होने वाली संसदीय क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे. सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर मौजूद खेल प्रतिभाओं को अवसर देते हुए उन्हें आगे लाना है.